हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025

11 जलभराव व सेम से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन



12 दहमान में बारिश से 300 घर डूबे, 15 परिवारों ने गांव छोड़ा...





### घग्गर मल्टीपर्पज लिंक चैनल टूटने से सैंकड़ों एकड़ भूमि डूबी

# शहर पानी-पानी

**ग्रामीणों की सांसें अटकी**
**मंडरा रहा बाढ़ का खतरा**

- लोगों की आखों से आंसू निकले
- गांव रामसरा में हालात बदतर
- किसानों को हो रहा भारी नुकसान
- प्रशासन के दावों की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बरसात से फतेहाबाद में हालात भयावह से भयावह होते जा रहे हैं। वीरवार को जिले की पंजाब सीमा पर घग्गर नदी के चांदपुरा साइफन पर पानी का बहाव ओर बढ़ गया जबकि राजस्थान से सटे भट्टू के गांव रामसरा में हिसार घग्गर मल्टीपर्पज लिंक चैनल टूटने से सैंकड़ों एकड़ भूमि डूब गई। इस बीच वीरवार को भी भूना में भारी बारिश ने कोढ में खाज का काम किया। यहां पहले से ही डूबे भूना के लोगों के आंसू नहीं निकल रहे, बाकी कोई कसर रही नहीं। शासन-प्रशासन भूना से पानी निकालने में बिलकुल नाकाम रहा है। भूना के हालात जस के तस है। फतेहाबाद के विधायक ने डीसी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए सोशल मीडिया पर निशाना साधा है। पिछले कई दिनों से घग्गर में बढ़ रहे पानी से तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों की सांसें रूक-रूक कर आ रही हैं।



**ऐसे हो रही निकासी** : भूना शहर में जलभराव के लिए लगाई गई 4 इंची पाइपें।

### घग्गर के तटबंध ऊंचा करने को लेकर पंजाब-हरियाणा के किसानों में तनातनी

फतेहाबाद। घग्गर के चांदपुरा साइफन पर पंजाब के ग्रामीणों ने घग्गर के बांध को अपनी तरफ से ऊपर करने का प्रयास किया तो फतेहाबाद और पंजाब के मानसा जिले के किसानों के बीच तनातनी हो गई। पंजाब के किसानों के इस प्रयास का यहां के किसानों ने विरोध किया। पुलिस प्रशासन ने मौके की गंभीरता को समझते हुए मानसा प्रशासन से बात की। बता रहे हैं कि फतेहाबाद की डीसी मनदीप कौर और एसपी सिद्धांत जैन ने मानसा के आला अधिकारियों को पूरी स्थिति से अवगत करवाया। दरअसल बांध पंजाब की दिशा में ऊंचा हो जाता तो पानी फतेहाबाद में आना निश्चित था। पुलिस ने गंभीरता को देखते हुए वहां दो कम्पनियां तैनात कर दी हैं। एसपी सिद्धांत जैन ने इस बात की पुष्टि करते हुए हरिभूमि को बताया कि हालात सामान्य हैं लेकिन किसी को भी छेड़छाड़ की इजाजत नहीं होगी। यहां पर छेड़छाड़ न करने के कोर्ट के आदेश भी हैं। इन गांवों में प्रशासन ने धारा 163 लागू कर दी है। पुलिस प्रशासन 24 घंटे इन पर निगाह रखे हुए हैं।

### डीसी ने ट्रैक्टर पर बैठ लिया जल निकासी के कार्य का जायजा

उपायुक्त मनदीप कौर ने बुधवार को देर रात भूना शहर का दौरा कर जल निकासी के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैक्टर पर बैठकर विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया और अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएमसी संजय बिश्नोई ने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर उपायुक्त को स्थिति से अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है और किसी भी स्थिति में नागरिकों को घबराने की जरूरत नहीं है। उपायुक्त ने भगत सिंह पार्क, उधम सिंह चौक, खैरी रोड, हिसार रोड तथा भूना माइनर के पास चल रहे जल निकासी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने तेज गति से पानी निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### विधायक ने डीसी पर साधा निशाना

फतेहाबाद के कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने फतेहाबाद की डीसी मनदीप कौर पर निशाना साधा है। विधायक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा कि ना कोई तैयारी ना कोई मदद, वो का वो मंजर हर साल। पहले भूना अब रामसरा, अगला कौन। आपकी गलती की किस किस को कीमत चुकानी होगी उपायुक्त महोदया। विधायक ने इस पोस्ट में सीएम नायब सैनी व सीएम कार्यालय को भी टैग किया है।

### जिले के 4 ब्लॉक के स्कूलों में छुट्टी

भारी बरसात को देखते हुए शिक्षा विभाग ने फतेहाबाद जिले के 7 में से चार ब्लॉक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। इनमें जाखल, टोहाना, भूना व रतिया ब्लॉक के स्कूल शामिल हैं। एक बार फतेहाबाद व भट्टू के स्कूलों में भी छुट्टी के लिए भी लेटर जारी हो गया। मगर उसे बाद में वापस ले लिया गया।

### खतरा : शनिवार तक चांदपुरा में खतरे के निशान को छू सकता है पानी

वीरवार को यहां पर 14700 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया जबकि गुहला चीका में यह रिकार्ड स्तर 48534 तक जा पहुंचा। खनौरी में पानी का बहाव 13200 क्यूसिक दर्ज किया गया। बाढ़ से जूझ चुके जाखल क्षेत्र के बुजुर्ग किसानों का मानना है कि गुहला का पानी 36 घंटे बाद चांदपुरा में पहुंचता है। उनकी मानी जाए तो शुक्रवार दोपहर तक यहां पानी का बहाव 17 हजार क्यूसिक पार कर जाएगा। शनिवार तक यहां नदी खतरे के निशान को छू जाएगी। जिला प्रशासन इस स्थिति से कैसे निपट पाता है, यह एक बड़ा सवाल है। बता दें कि पंजाब के मूनक क्षेत्र से गुजर रही मूनक-खनौरी के कमजोर तटबंधों के चलते बीते वर्षों में शक्करपुरा रंगोई नाले में आए पानी से फतेहाबाद तक बाढ़ आई। उधर, पिछले 24 घंटों में फतेहाबाद में करीब 40 से 50 एमएम बरसात होने से भूना में स्थिति जस की तस बनी हुई है। हाल यह है कि 4 दिन से पानी निकलने का नाम नहीं ले रहा। दरअसल पानी निकालने के लिए पुख्ता प्लान, पुख्ता इंतजाम व एक ठोस रणनीति का अभाव होने के चलते खेतों का पानी भी अब भूना में आ रहा है। जितना पानी प्रशासन निकाल पाता है, उससे ज्यादा भूना में पानी आ जाता है। प्रशासन की दूरदृष्टिता के अभाव के हालात देखो एक पूरे शहर में पानी निकालने के लिए 4-4 इंची पाइपें लगाई गई हैं।



**भट्टूकलां।** गांव रामसरा में टूटी ड्रेन।



ड्रेन टूटने की सूचना पर पहुंची एएसपी दिव्यांशी सिंगला।

**बारिश ने मचाई तबाही**



- 24 घंटों में फतेहाबाद में 40 से 50 एमएम बरसात हुई
- पानी निकासी के लिए लगाए गए इंजन, बरमे बंद पड़े
- बहाव के विपरीत दिशा में पानी निकालने का प्रयास जारी

## घग्गर के बढ़ते जलस्तर से ग्रामीण सहमे, खतरा बरकरार

### तटबंधों और जलस्तर को लेकर प्रशासन मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

घग्गर नदी का बढ़ रहा जलस्तर अब डराने लगा है। पिछले तीन दिनों से सिरसा क्षेत्र से गुजरने वाली घग्गर का जलस्तर बढ़ रहा है। जलस्तर बढने से घग्गर किनारे बसे ग्रामीणों को चिंता सताने लगी है। जिला में घग्गर नदी के जलस्तर व तटबंधों की दिन-रात निगरानी रखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। सिंचाई विभाग की टीम दिन-रात मॉनिटरिंग कर रही है, वहीं एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व बीडीपीओ की टीम भी लगातार रात को मौका निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेते हुए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित कर रही हैं। बुधवार देर रात एसडीएम डबवाली अर्पित संगल, एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया, रानियां तहसीलदार शुभम शर्मा, नायब तहसीलदार सुभाष, बीडीपीओ स्टालिन सिद्धार्थ सचदेवा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने घग्गर नदी तटबंधों व जलस्तर का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों को तटबंधों की सुरक्षा से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बिजली व्यवस्था व अन्य आवश्यकताओं की उपलब्धता बारे जानकारी ली और



**सिरसा।** घग्गर के तटबंध पर रात को सुरक्षा व्यवस्था का जायाजा लेते अधिकारी तथा तटबंधों की मजबूती को मिट्टी के गट्टे भरते ग्रामीण।

जरूरत अनुसार व्यवस्था तय समय में करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वीरवार सुबह भी प्रशासनिक व विभागीय टीमें जलस्तर व तटबंधों की सुरक्षा को लेकर जुटी दिखाई दी। जिला में कई जगह हो रही बरसात के बावजूद टीमें घग्गर नदी के तटबंधों के साथ-साथ खरीफ चैनलों और ड्रेन के तटबंधों की सुरक्षा में लगी है। खरीफ चैनल व ड्रेन की भी रात में निगरानी की जा रही है। घग्गर के जलस्तर की बात करें तो वीरवार दोपहर दो बजे तक सरदूलगढ़ प्वाइंट पर 40 हजार 300 और ओटू वियर डाउन स्ट्रीम में 21 हजार क्यूसिक पानी चल रहा है।

#### तटबंधों को मजबूत किया जा रहा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पूरी निगरानी रखी जा रही है। घग्गर के जलस्तर को लेकर तटबंधों को और मजबूत किया जा रहा है। सिंचाई विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं व प्रशासनिक अधिकारी भी दिन और रात में निरीक्षण कर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। ग्रामीणों का भी प्रशासन को पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि घग्गर नदी के अलावा सभी खरीफ चैनल व ड्रेन की भी निगरानी की जा रही है। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि बारिश के मौसम को देखते हुए नागरिक बिना किसी आवश्यक कार्य के घर से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें। बारिश के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है, इसलिए खुली तारों, बिजली के खंभों और गीले स्थानों पर पड़े इलेक्ट्रिक उपकरणों से दूर रहें। उपायुक्त ने बताया कि नगर परिषद और नगर पालिका की टीमें पानी निकासी के लिए भी लगातार कार्य कर रही है।

## जिले में बरसात से बाढ़ जैसे हालात, कई क्षेत्रों पर भरा पानी, स्कूलों में दो दिन का अवकाश





**सिरसा।** जिला में वीरवार को भारी बरसात हुई। कई क्षेत्रों में हालात बाढ़ जैसे हो गए हैं। बरसात से नरमा, धान, मूंग, ग्वार की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इसी के साथ कई गांवों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। इससे कई मकानों में दरार आने की सूचना है। चोपटा क्षेत्र में कई स्कूल परिसरों में पानी भर गया है। भारी बरसात को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित कर दिया है। सिरसा में 52 एमएम बरसात दर्ज की गई, जिससे शहर टापू में बदल गया। सीवरेज ओवरफ्लो हो गए और निचले इलाकों में पानी घुस गया। सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया स्वयं कर्मचारियों के साथ बाजारों में पहुंचे और बरसाती पानी की निकासी करवाई। सुबह करीब साढ़े आठ बजे तेज बरसात शुरु हुई जो 12 बजे तक चली। तेज बरसात से शहर के सभी बाजारों व गलियों में जलभराव हो गया। पिछले कुछ दिनों से हो रही बरसात का पानी अभी तक पूरी तरह से निकला ही नही था कि आज हुई तेज बरसात ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। वहीं प्रशाासन की नाकामी ने लोगों की परेशानी में इजाफा किया। बरसात के कारण निचले व कच्ची गलियों में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निचले क्षेत्र के मकानों में पानी भर गया। बरसात से शहर के हिसार रोड, हिसारिया बाजार, अग्रसेन कॉलोनी, सूरतगढिय़ा बाजार, सरकूलर रोड, सदर बाजार, पटेल बस्ती, गोल डिग्गी चौक, भादरा बाजार, गौशाला रोड, शिव चौक, जनता भवन रोड, बस स्टेंड के सामने, पुरानी कचहरी रोड पर हुए जलभराव से लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजारों में जलभराव के चलते लोगों को अपनी दुकानें बंद रखनी पड़ी। दुपहिया वाहन बरसाती पानी में बंद होने से चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूली बच्चों को घर जाने में सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं निचले क्षेत्र में लोगों से घरों से पानी निकालते हुए देखा गया।



लीक से हटकर / शिखर चंद जैन

बच्चो, अपने देश में सामान्य स्कूलों से हटकर कुछ ऐसे स्कूल हैं, जहां बच्चों को शिक्षा बहुत अलग ढंग से दी जाती है। इन स्कूलों में बच्चे सिर्फ किताबी शिक्षा नहीं पाते, वे प्रकृति से जुड़कर और अन्य माध्यमों से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, रचनात्मक बनते हैं। साथ ही शिक्षा एक आनंद के साथ ग्रहण करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे स्कूलों के बारे में।

# ये अनोखे स्कूल



## पढ़ने, वाद-विवाद के माध्यम से शिक्षण

### लेवलफील्ड स्कूल, पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के हुस्नाबाद गांव में स्थित लेवलफील्ड स्कूल की स्थापना




भारतीय शिक्षा प्रणाली के पारंपरिक तरीकों से अलग कुछ अनोखे ढंग से छात्रों को शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई है। यह स्कूल रटने या पाठ्य पुस्तक-आधारित शिक्षा पर ही केंद्रित रहने के बजाय पढ़ने, चर्चा करने, वाद-विवाद और मल्टीमीडिया तकनीक के इस्तेमाल पर जोर देता है। चाहे अंग्रेजी हो, गणित हो या कोई और विषय, सीखने के लिए पहेलियों, एप्स और खेलों का उपयोग किया जाता है। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे छोटी उम्र से ही एनिमल फार्म, गुलिवर्स ट्रैवल्स और मैकबेथ जैसी क्लासिक किताबें पढ़ते हैं, इन पर चर्चा करते हैं। उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित फिल्में भी दिखाई जाती हैं। इस स्कूल के संस्थापक अर्घ्य बनर्जी बताते हैं, 'इस तरह की एक्टिविटिज का उद्देश्य चीजों को जीवंत बनाना और उन्हें आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करना है।' *

## नॉलेज के साथ एंज्वॉय कराती स्टडी

### द यलो ट्रेन स्कूल, तमिलनाडु

**तमिलनाडु में** कोयंबटूर के शांत और हरे-भरे क्षेत्र में स्थित द यलो ट्रेन स्कूल बच्चों को बहुत ही प्रेरणादायक और शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करता है। स्कूल कैंपस को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह बच्चों को रचनात्मकता और उनकी स्वतंत्रता के लिए प्रोत्साहित करता है। खेतों में घूमना, वन्यजीवों के बारे में सीखना, वाद्ययंत्र बजाना, गलियारों में टायर पर झूलना, मिट्टी के बर्तन बनाना जैसे कई इंटरेस्टिंग एक्टिविटिज में बच्चे शामिल होते हैं।

यहां के टीचर्स अपने स्टूडेंट्स से दोस्तों की तरह व्यवहार करते हैं। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे नॉलेज गेन करने के साथ-साथ खूब एंज्वॉय भी करते हैं। यहां पाठ्य पुस्तकों, कोर्स की तैयारी के साथ-साथ बच्चों के ओवरऑल पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर भी ध्यान दिया जाता है। *

## झील पर तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय

### लोकटक लेक स्कूल, मणिपुर

**अजीब-सी** बात लग सकती है, पानी में तैरता हुआ स्कूल! लेकिन यह सच है।



मणिपुर राज्य का लोकटक लेक स्कूल, ऐसा ही एक अनोखा स्कूल है, जो पानी पर तैरता है। यह भारत का पहला तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय है, जो लोकटक झील के ऊपर फुमदी (पानी में तैरते हुए वनस्पति के बड़े-बड़े टुकड़े) पर बना है। इस स्कूल को केवल दो शिक्षकों द्वारा चलाया जा रहा है। इस स्कूल में वे स्थानीय बच्चे पढ़ते हैं, जो झील के किनारे रहते हैं। स्थानीय लोग और छात्र पर्यावरण-अनुकूल (ईको-फ्रेंडली) तरीकों को अपनाते हैं, जैसे सौर पैनल और वर्षा जल संचयन, ताकि झील के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखा जा सके। इस अनोखे स्कूल की शुरुआत ऑल लोकटक लेक एरियाज फिशरमैन यूनियन, मणिपुर (ALLAFUM) और पीपल रिसोर्सेज डेवलपमेंट एसोसिएशन ने मिलकर की है। *

## मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल

### चिराग स्कूल, उत्तराखंड



**उत्तराखंड के** नैनीताल जिले के सिमायल गांव के निकट ओडाखान में स्थित चिराग स्कूल की स्थापना 2006 में हुई थी। यह आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए एक हिंदी माध्यम का स्कूल है। यह स्कूल 'चिराग' नामक एनजीओ द्वारा संचालित किया जाता है। शिक्षा शास्त्री कनाई लाल ने हिमालय की गोद में इस स्कूल की शुरुआत की थी। उनका लक्ष्य बच्चों को मिट्टी के घरों से लेकर माइक्रोचिप्स तक, हर चीज की एक अनूठे अंदाज में समग्र समझ प्रदान करना था। यह स्कूल मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल है। इस अनोखे स्कूल का डिजाइन आस-पास के तीन गांवों के निवासियों, शिक्षकों और युवाओं की भागीदारी के माध्यम से विकसित हुआ है। *

## दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण

### वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल, मध्य प्रदेश



**बच्चो, तुम्हें** जानकर आश्चर्य होगा कि अपने देश में एक स्कूल ऐसा भी है, जहां पढ़ने वाले बच्चे एक नहीं, दोनों हाथों से लिखते हैं। इससे भी बड़ी हैरानी की बात यह है कि ये बच्चे दोनों हाथों से एक साथ अलग-अलग भाषाओं में लिखते हैं। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से 15 किलोमीटर दूर बुधेला नामक स्थान पर वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल के 100 से ज्यादा विद्यार्थी दोनों हाथों से लिखने की कला में माहिर हैं। इस स्कूल की शुरुआत 1999 में की गई थी। इस स्कूल को विरंगत शर्मा ने शुरू किया था। वह बताते हैं, 'मुझे यह सीख देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से मिली। यहां छात्रों को पहली कक्षा से ही दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण दिया जाता है, उन्हें छह अलग-अलग भाषाएं भी सिखाई जाती हैं।' *

प्रतिभा / अंजू जैन

# असाधारण मेधा शक्ति वाले नन्हे शिक्षक

बच्चो, तुम्हारी ही उम्र के कई ऐसे बच्चे हैं, जिनका ज्ञान देखकर आश्चर्य होता है। अपने विषय की गहन जानकारी रखने वाले ये प्रतिभावान और ज्ञानी बच्चे किसी शिक्षक से कम नहीं हैं। मिलो, ऐसे ही प्रतिभावान तीन बच्चों से।

## अवि शर्मा: बालमुखी रामायण का रचयिता और वैदिक गणित का ज्ञाता



**इंदौर, मध्य** प्रदेश के अवि शर्मा ने सन 2022 में मात्र 12 वर्ष की आयु में हिंदी में 'बालमुखी रामायण' लिखी। अवि द्वारा लिखे गए इस ग्रंथ में 250 छंदों के साथ रामायण की प्रमुख घटनाओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। अवि वैदिक गणित के सबसे युवा प्रशिक्षकों में से भी एक है। उसने करीब 150 छात्रों को वैदिक गणित सिखाया है। इन सबके अलावा अवि ने एक आवाज-संचालित कंप्यूटर प्रोग्राम 'माधव' (माय एडवांस्ड डोमेस्टिक हैंडलिंग एआई वर्जन) विकसित किया है, जो विभिन्न भाषाओं में काम करता है। इसे बनाने में अवि को मात्र दो सप्ताह का समय लगा था। 2022 में अवि को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उसने वर्चुअल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की और उन्हें गीता के श्लोक सुनाए। साल 2023 में, इंदौर गौरव दिवस पर मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अवि शर्मा को सम्मानित किया था। *

## कृतिन गुप्ता : पढ़ा रहा आईआईटी लेवल की मैथमेटिक्स



**दिल्ली का** रहने वाला कृतिन गुप्ता अपनी उम्र से कहीं आगे की बुद्धि रखता है। वह छोटी उम्र से ही गणित में रुचि लेने लगा था। जब कृतिन दस वर्ष का था, तभी से वह स्टूडेंट्स को आईआईटी लेवल का गणित पढ़ाने लगा था। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में अपनी उम्र से काफी बड़े छात्रों को गणित पढ़ाने के कारण कृतिन को 'ग्रैंड मास्टर' के नाम से भी जाना जाता है। कृतिन बीते पांच वर्षों से स्कूल ही नहीं, कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी गणित पढ़ा रहा है। कृतिन का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

## कौटिल्य पंडित: जनरल नॉलेज का मास्टर



**हरियाणा के** करनाल जिले के कोहंड गांव में जन्मा कौटिल्य पंडित मात्र 5 वर्ष की आयु में ही विश्व के प्रत्येक देश की सीमाओं, क्षेत्रों और अन्य विवरणों को मौखिक रूप से याद कर चुका था। साथ ही सौरमंडल के प्रत्येक ग्रह और उपग्रह के नाम और आकार भी उसे जुबानी याद थे। इसके अलावा गणित, करेंट टॉपिक्स, इतिहास, सामान्य ज्ञान सहित अनेक विषयों पर भी कम उम्र में ही उसकी अच्छी पकड़ थी। उसकी असाधारण बुद्धि और विलक्षण ज्ञान के कारण लोग उसे 'गूगल ब्वॉय' के नाम से बुलाने लगे थे। कौटिल्य समय-समय पर विशेष वर्कशॉप में बच्चों को पढ़ाता भी है। जनवरी 2020 में गूगल ब्वॉय कौटिल्य ने चाइल्ड प्रोडिजी पुरस्कार जीता। अब 17 साल के हो चुके कौटिल्य पंडित का चयन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, लंदन में मास्टर ऑफ फिजिक्स कोर्स के लिए हुआ है। इसके लिए कौटिल्य को 25 लाख की स्कॉलरशिप भी मिली है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदार बनाती कहानियां

**ब**च्चो, कुछ ही समय पहले बाल कहानियों की एक किताब आई है, जिसका नाम है- गूंगी गुड़िया। इसमें कुल बारह कहानियां हैं।




ये ऐसी कहानियां हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने को मिलेगा। यही नहीं ये सारी कहानियां तुमको समझदार भी बनाएंगी। पहली कहानी 'गूंगी गुड़िया' में तुम पढ़ोगे कि चिंकी किस तरह से मेले में खो जाती है और अपराधियों के चंगुल में फंसने के बाद भी हिम्मत नहीं हारती। फिर समझदारी और बहादुरी से बच निकलती है। 'सच्चे संगी साथी' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह मुश्किल समय में आदित्य के दोस्त उसकी मदद करते हैं? कुछ बच्चे स्मार्टफोन पर गेम्स खेलते रहते हैं या उनको फोन से फोटो क्लिक करने में बड़ा मजा आता है। लेकिन ऐसा करने के चक्कर में लापरवाही बरतना किस तरह खतरनाक हो सकता है, इसे तुम 'लाइक, कमेंट का चक्कर' कहानी में पढ़ सकते हो। इनके अलावा 'रोटी के बदले समोसे', 'काल करे सो आज कर' और 'जब तान्या शर्मिंदा हुई' कहानियों में भी तुम्हें अच्छी सीख मिलेगी। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत अच्छी हैं। *

**किताब :** गूंगी गुड़िया (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका :** इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्य :** 200 रुपए, **प्रकाशक :** भव्या पब्लिकेशन, भोपाल

## हंसगुल्ले



**टीचर:** दो समानांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**रोहन:** मैम, क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-दीपक, धमतरी

**साइंस टीचर:** बच्चो, सभी ग्रह अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं।
**कुणाल:** सर, अगर वे अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं, तो पढ़ते कब हैं?
-ज्योत्सना, रोहतक

## जीके क्विज-169



1. हाल में किस भारतीय महिला तीरंदाज ने जूनियर विश्व तीरंदाजी खिताब जीता?
2. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
4. पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले लेखक कौन थे?
5. दुनिया के किस शहर को हीरे की राजधानी कहा जाता है?
6. ब्रिटिश भारत के प्रथम वायसराय कौन थे?
7. भारत का सबसे बड़ा स्टेडियम कौन सा है?
8. हाल में देश में निर्मित पहले माइक्रोचिप का क्या नाम है?
9. सूर्य की किरणों से हमें कौन-सा विटामिन मिलता है?
10. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-169 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-168 का उत्तर :** 1.शुभमन गिल, 2.मेजर ध्यानचंद, 3.अभिनव बिंद्रा, 4.टेबल टेनिस, 5.खेल प्रशिक्षक (कोच), 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.ग्यारह, 8.टेनिस, 9.क्रिकेट, 10.मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

**जीके क्विज-168 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, अजित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, हर्षिता-रायपुर, अजय-बिलासपुर, दीपक-रायगढ़, सुशील-बालोद, सौम्या-धमतरी, राकेश-महासमुंद



कहानी
पूर्ति खरे

रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ टीचर-टीचर खेल रही थी। रैना टीचर बनी थी रिद्धि स्टूडेंट। रैना के एक सवाल के जवाब में रिद्धि ने कह दिया, 'शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।' यह बात वहां बैठे रैना के दादा जी ने सुन ली। उन्होंने रिद्धि को खेल-खेल में ऐसा सबक सिखाया कि उसे अपने कहे पर बहुत पछतावा हुआ।

# खेल टीचर-टीचर का



**र**विवार की एक दोपहर रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ बरामदे में टीचर-टीचर वाला खेल, खेल रही थी। वहीं बरामदे में दूसरी ओर कुर्सी पर रैना के दादा जी अखबार पढ़ रहे थे। वे बीच-बीच में उनका खेल बड़े ध्यान से देख रहे थे। इस खेल में रैना टीचर थी, उसकी सहेली रिद्धि स्टूडेंट। टीचर बनी रैना अपने दादा जी का पुराना टूटा हुआ चश्मा पहन कर मैडम वाले अंदाज में सवाल पूछ रही थी, 'रिद्धि बताओ, शिक्षक दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?'

'नहीं पता! वैसे भी शिक्षक दिवस है तो शिक्षकों को ही पता होगा, मुझे इससे क्या मतलब, मैं तो स्टूडेंट हूं।' रिद्धि सवाल का मजाक बनाती हुई बोली।

रैना ने पहले प्रश्न का उत्तर देते हुए दूसरा प्रश्न पूछा, 'पांच सितंबर को मनाया जाता है शिक्षक दिवस। अच्छा! चलो यह बताओ कि यह दिवस क्यों मनाया जाता है?'

रैना के सवाल पर रिद्धि फिर हंसती हुई बोली, 'फालतू में मनाया जाता है, क्योंकि शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।'

रिद्धि बहुत शरारती बच्ची थी, दूसरों की हंसी उड़ाना उसकी आदत थी। उधर टीचर का परिहास होता देख दादा जी को बहुत गुस्सा आया, उन्होंने मन ही मन में तय किया कि वे रिद्धि को उसकी गलती का एहसास कराएंगे। दादा जी भी दोनों बच्चियों के इस टीचर-टीचर वाले खेल में शामिल हो गए, बोले, 'रिद्धि, तुम लोगों का खेल तो बड़ा अनोखा है। अब ऐसा करो, मैं और रैना स्टूडेंड बनते हैं और तुम टीचर बन जाओ।'

दादा जी को स्टूडेंड बनता देख रिद्धि टीचर बनने को तुरंत राजी हो गई। अब रिद्धि ने दादा जी का पुराना चश्मा पहना और टीचर के अंदाज में बोली, 'चलो! सब अपनी-अपनी ड्रॉइंग कॉपी निकाल कर शेर का चित्र बनाओ।'

दादा जी और रैना चित्र बनाने लगे। दादा जी ने शेर की जगह लोमड़ी का चित्र बना दिया। रिद्धि उनका चित्र देखकर बोली, 'यह तो लोमड़ी का चित्र है, मैंने शेर बनाने को कहा था। इसे मिटाकर फिर बनाओ।' लेकिन दादा जी ने नहीं सुनी, वह लगातार अलग-अलग जानवरों के चित्र बनाते रहे लेकिन शेर का चित्र उन्होंने नहीं बनाया। रिद्धि यह देखकर सिर पर हाथ रख कर बैठ गई। दादा जी बोले, 'रिद्धि टीचर! मुझे शेर बनाना नहीं आता, प्लीज आप बताओ ना कि कैसे बनाते हैं शेर?' रिद्धि को शेर बनाना नहीं आता था, इसलिए वह बात को टालते हुए बोली, 'ऐसा करो फूल बना दो।'

'पर मुझे फूल बनाना भी नहीं आता टीचर!' दादा जी बच्चे जैसे अंदाज में बोले।

रिद्धि खीझ कर बोली, 'तो ऐसा करो, कुछ मत करो, बस मुंह पर चुपचाप अंगुली रख कर बैठ जाओ।'

दादा जी कहां मानने वाले थे, उन्होंने बच्चों की तरह गुस्सा कर अपनी और रैना की कॉपी फाड़ दी और जोर-जोर से रोने लगे। रिद्धि उन्हें चुप करा-करा कर थक गई, पर वे चुप नहीं हुए। थक-हार कर वह बोली, 'मुझे नहीं बनना कोई टीचर-टीचर, यह मेरे बस का काम नहीं है। ऐसे शैतान बच्चे को मैं नहीं पढ़ा सकती।'

रिद्धि की बात पर दादा जी नॉर्मल होकर बोले, 'क्यों अब समझ आया कि शिक्षक बनना कितना मुश्किल है? जरा-सी देर तुम एक शैतान बच्चे को नहीं संभाल पाईं। सोचो शिक्षक तो रोज ऐसे कई बच्चों को अकेले संभालते हैं। जब मुझसे शेर का चित्र नहीं बना तो तुमने इस बात को टाल दिया पर शिक्षक ऐसे बातों को टालते नहीं हैं। वे अपने विद्यार्थी के हर सवाल का हल बताते हैं, उसकी हर जिज्ञासा को शांत करते हैं।'

रिद्धि, दादा जी का सबक समझ गई थी। वह शर्मिंदा होकर चेहरे को लटका कर खड़ी थी। दादा जी आगे बोले, 'तुम अभी कह रही थीं कि शिक्षक डांटने और पढ़ाने के सिवाय करते ही क्या हैं? तो सुनो कि शिक्षक क्या करते हैं और क्या होते हैं?' एक शिक्षक की भूमिका कितनी बड़ी होती है, दादा जी ने रिद्धि को विस्तार से बताया, 'जो हमें ज्ञान का पाठ पढ़ा कर जीवन को सही ढंग से जीना सिखाते हैं, वे होते हैं शिक्षक। जो सही-गलत के बीच का भेद बताते हैं, वे होते हैं शिक्षक। अरुचि को रुचि में, आलस्य को ऊर्जा में, अंधकार को प्रकाश में, मूर्खता को विवेक में, कमजोरी को शक्ति में बदल देने वाला यदि कोई है तो वह शिक्षक है।'

अपने बर्ताव पर रिद्धि को बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई, वह बोली, 'दादा जी! माफ करें, अब से मैं हर शिक्षक का सम्मान करूंगी। सदा उनके बताए गए मार्ग पर चलूंगी।'

दादा जी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले, 'बात केवल सम्मान की नहीं है रिद्धि बेटा! बात है शिक्षक के महत्व को समझने की। तुम्हारे शिक्षक हर मौसम में, अपनी व्यक्तिगत परेशानियों को किनारे करके तुम सबको पढ़ाते हैं। विषय कितना भी अरुचिकर क्यों न हो, उसे वे सदा रोचकता से पढ़ाने की कोशिश करते हैं। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं, शिक्षक आने वाले कल का, तुम सबके निर्माणकर्ता होते हैं, तभी तो महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।' *

कविता
शिवचरण चौहान



# शिक्षक


विद्यालय में हमें पढ़ाते
वह शिक्षक हैं कहलाते।
एक-एक अक्षर हमको
पढ़ना-लिखना सिखलाते।।
गणित और विज्ञान पढ़ाते
हिंदी के संग अंग्रेजी।
जब वे पढ़ाएं हमको तो
आती है बुद्धि में तेजी।।
पढ़ा-लिखा कर बचपन में
हमको करते हैं तैयार।
कहते आगे बढ़ना सीखो
कभी न मानो हार।।
ऐसे ज्ञानी शिक्षक सच में
होते हैं बहुत महान।
आज शिक्षक दिवस पर
हम करते उनका सम्मान।।

## रंग भरो-184

**रंग भरो-184** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




डिंपल, दुर्ग


आशना, जांजगीर


देवांश, भिवानी


केशव, जांजगीर



आदित्य, खैरागढ़


सानवी, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, रितेश-मटियारी, सानवी-बिलासपुर, समृद्धि-शहडोल, अभिषेक-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राहुल-करनाल, सौम्या-बिलासपुर, यतीश-कोरबा, हर्ष-बालोद

## रंग भरो 185



बच्चो, यहां दिए गए रेखाचित्र में सार्थक को उसकी ट्यूशन टीचर पढ़ा रही हैं। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### मां भगवती का 16वां विशाल जागरण कल

**हिसार।** मां वैष्णो सेवा समिति की ओर से 6 सितम्बर की रात्रि पटेल नगर मेन मार्केट ग्राउंड में 16वां मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सावित्री जिंदल एवं विधायक नलवा रणधीर पनिहार होंगे जबकि अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व उपराष्ट्रपति कृष्णकांत के पौत्र विराटकांत, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, पार्षद राजेन्द्र बिडलान, राजेश अरोड़ा, पूर्व पार्षद डॉ. महेंद्र जुनेजा मौजूद रहेंगे।

### एनआईआरएफ में गुजवि प्रदेश का नंबर वन विवि

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2025 में देश के राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में प्रभावशाली 32वीं रैंक हासिल करके एक बार फिर भारत के शीर्ष उच्च शिक्षा संस्थानों में अपना नाम दर्ज कराया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गुजवि हरियाणा में नंबर 1 राज्य विश्वविद्यालय के रूप में उभरा है, जो राज्य और उसके शैक्षणिक समुदाय के लिए बेहद गर्व की बात है।

### अध्यापक के खाते से 80 हजार की साइबर ठगी

**नारनौंद।** गांव पेटवाड़ निवासी एक अध्यापक के बैंक खाते से 80 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित मास्टर ने मामले की शिकायत हांसी साइबर अपराध थाना में दी हैं। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पेटवाड़ निवासी रमेश कुमार ने बताया कि 12 जून को जब उन्होंने मोबाइल फोन से अपना बैंक खाता चैक किया तो हैरान रह गए। उनके स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बैंक खाते से 50 हजार और 30 हजार रुपये, कुल 80 हजार रुपये गायब मिले।

### आभूषण व नकदी चोरी करने वाला आरोपी काबू

**बरवाला।** पुलिस ने गांव जेवरा स्थित एक मकान से सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी के मामले में आरोपी गांव के ही सुखबीर को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रहे उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि इस संबंध में जेवरा निवासी वेदप्रकाश ने शिकायत दी थी कि 7 अगस्त को उसके घर में किसी ने आभूषण व नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने इस मामले में सुखबीर को गिरफ्तार करके आभूषण व नकदी की बरामदगी के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### अवैध पिस्तोल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने रायपुर के पास से एक व्यक्ति को काबू करके अवैध पिस्तोल बरामद किया है। मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान जहाजपुल निवासी शुभम उर्फ सरपंच को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर शुभम उर्फ सरपंच के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके उस पर केस दर्ज कर लिया है।

## प्रति एकड़ 40 हजार रुपये फौरी सहायता के लिए मुआवजा दे सरकार

# जलभराव व सेम से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन, डीसी से समाधान की मांग

- पानी निकासी का तुरंत और स्थायी प्रबंध करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान। फोटो : हरिभूमि

भट्टू क्षेत्र में सेम व ड्रेन के जलभराव समस्या को रोकने के लिए ठोस योजना बनाने और गांव चिन्दड़ में पानी निकासी की मांग को लेकर किसानों ने आज फतेहाबाद में डीसी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में काफी संख्या में किसान फतेहाबाद पहुंचे और डीसी को मांग पत्र सौंपा।

किसान सभा जिला प्रधान विष्णुदत्त व चिंदड़ के किसानों ने कहा कि गांव चिन्दड़ में लगातार 5 वर्षों से सेम और वर्षा के जल भराव से फसल और ढाणियों में जल भरने से किसानों को आर्थिक और मानसिक नुक्सान उठाना पड़ रहा हैं। गांव में सौ प्रतिशत रकबा व ढाणियों में पानी भर चुका हैं, ढाणियों के रास्ते पानी भरने से बंद हो चुका हैं। यहां तक की शौच जाने तक की जगह भी नहीं बची हैं। गांव के स्कूल की बिल्डिंग तक भी पानी पहुंच चुका है व ढाणियों में पीने का पानी तक भी नहीं हैं।

उन्होंने मांग की कि चिन्दड़ गांव का स्पेशल दौरा करके गांव से पानी निकासी का स्पेशल पैकेज दिया जाए। मुआवजे के साथ साथ कुछ हद तक पानी निकासी के लिए पम्प लगाये गये है व पाइपें डाली गई है जो कि केवल नाम मात्र का ही कार्य करती हैं इस संदर्भ में हुये भ्रष्टाचार की जांच करवाई जाए। पानी निकासी के लिए जो 12 सौर उर्जा से चलने वाले पम्प है उनमें से 9 बंद पड़े हैं और 3 पम्प मामूली काम करते है इनका कनेक्शन बिजली के टी/एफ से लगाकर चालू किया जाए। ढाणियों में पहुंचने के लिए रास्ते उंचे किये जावे तथा पक्के करवाये जाए। तुरन्त गिरदावरी करवाकर ग्राम वासियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। ढाणियों में पीने के पानी का प्रबंध किया जाए। इसके अलावा गांव खारा खेड़ी, भट्टू कलां, कुम्हारिया, शेखुपुर दड़ौली, गदली, खाबड़ा कलां, रामसरा, ढाबी कलां, ढाबी खुर्द, जाण्डवाला बागड़, ठूईयां, पीली मंदोरी, बन मंदोरी, मेहूवाला के किसानों ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि पानी निकासी का तुरंत और स्थाई प्रबंध किया जाए।

मुआवजे के लिए बीमा कंपनी, किसान व कृषि विभाग कर्मचारी की सांझी कमेटी बनाकर सर्वे व गिरदावरी की जाये ताकि कंपनियों की लूट को रोका जा सकें। प्रति एकड़ 40 हजार रूपये फौरी सहायत के लिए मुआवजा दिया जाए। मूंगफली की एमएसपी पर खरीद 1 नवम्बर की बजाये 15 सितम्बर तक शुरू करवाई जाएं क्योंकि सितम्बर-अक्तूबर में सारी मूंगफली बाजार में आ जाती हैं जिससे किसान को सही भाव मिल सकें।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर रोहताश डूडी, मनीष कुमार, वजीर सिंह, सुरजमल जा$खड, मा. हनुमान, भूप सिंह, शिव कुमार चिंदड़, हरि सिंह, प्रमोद कुमार, धर्मपाल कुम्हारिया, उग्रसैन, साधूराम, राजेन्द्र प्रसाद, कृष्ण चन्द्र, मनोहर लाल सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम

# कृषि यंत्रों के लिए आवेदकों के सामने निकाला ड्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से वीरवार को फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत कृषि यंत्रों का ड्रा निकाला गया। लघुसचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा आवेदकों की उपस्थिति में कम्प्यूटरीकृत ड्रा निकालकर पात्र किसानों का चयन किया गया।

सहायक कृषि अभियंता विजय जैन ने बताया कि इस स्कीम के तहत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इसी कड़ी में ड्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कुल आवेदकों में से 33 प्रतिशत का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि बैलर मशीनों के आवेदकों में से 28 प्रतिशत का चयन किया गया है।

किसानों के अंतिम अनुमोदन हेतु अपलोडेड दस्तावेजों की जांच उपरांत 8 सितंबर तक ऑनलाइन पोर्टल पर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद किसानों के मोबाइल पर अंतिम अनुमोदन का संदेश भेजा जाएगा, जिसके बाद किसान अपनी पसंद के डीलर एवं निर्माता का पोर्टल पर चयन कर सकेंगे और उन्हें अनुदान पात्रता प्रमाण पत्र/परमिट भी वहीं से प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि किसानों को अपनी मशीनों की खरीद 25 सितंबर तक पूरी करने तथा 30 सितंबर तक डीलर/निर्माता से प्राप्त बिल, ई-बिल एवं मशीन के साथ फोटो पोर्टल पर अपलोड करवाना भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस अवसर पर उपनिदेशक डॉ सुखदेव कंबोज, एलडीएम संजीव गर्ग, वैज्ञानिक अमरप्रीत सिंह व नरेंद्र गोस्वामी, विमला सिंवर सहित सम्बन्धित अधिकारी व आवेदक उपस्थित थे।

### लाभार्थियों के चयन का ड्रा 8 सितंबर को

**फतेहाबाद।** वर्ष 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत फसल अवशेष प्रबंधन के 16 प्रकार के कृषि यंत्रो के लिए 5182 आवेदनों में से पात्र किसानों का चयन ड्रा प्रणाली के माध्यम से 8 सितंबर को दोपहर बाद 12.15 बजे लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी की अध्यक्षता में किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए किसान नये बस अड्डा के तृतील तल पर स्थित सहायक कृषि अभियंता, फतेहाबाद कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो . रंजना ग्रोवर ने किया

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के होम साइंस विभाग की ओर से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. रंजना ग्रोवर ने किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. रंजना ग्रोवर ने कहा कि महाविद्यालय में समय-समय पर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर छिपी बहुमुखी प्रतिभा को बाहर लाना होता है। इसलिए विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिता में अवश्य भाग लेना चाहिए।

प्रतियोगिता में भाग लेने से ही विद्यार्थीयों के अंदर छिपी भावना का विकास होता है। प्रतियोगिता हमें जीवन में अपना लक्ष्य का चुनाव करने में सहायता करती है। जीवन में हमें कभी भी प्रतियोगिता से पीछे नहीं भागना चाहिए। चुनौती लेना सीखना चाहिए और जीतने की कोशिश करनी चाहिए। इस मौके पर डॉ अनु कथूरिया, निफिया गोदारा, निशा सेतिया सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

**ये रहे विजेता**

होम साइंस विभाग की कन्वीनर डॉ. अनु कथूरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा हरमीन व अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एमए फाइनल की छात्रा निकिता ने द्वितीय स्थान और बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा रूपिंदर ने तृतीय स्थान पाया है।

### 6.2 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी काबू

**हांसी।** सीआईए हांसी पुलिस ने फ्रॉड किए गए 6 लाख 20 हजार रुपए खाते में डलवाने वाले आरोपी भिवानी जिले के गांव पातनवास निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। सीआईए हांसी में तैनात पीएसआई कपील कुमार ने बताया कि आरोपी ने पिछले महीने में कई व्यक्तियों को बहला फुसलाकर रुपए का लालच देकर उनके अकाउंट खुलवाकर उनसे एटीम लेकर उनके खातों में धोखाधड़ी किए गए रुपए डलवाता था। आरोपी ने शिकायकर्ता के खाते में फ्रॉड किए गए 6 लाख 20 हजार रुपए डलवाए थे। आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में मामला दर्ज हुआ था।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए आगे आए संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- हम सभी का फर्ज बनता है कि जितनी भी मदद संभव हो सके, बाढ़ से पीड़ित लोगों की जाए
- जब तकहालात सामान्य नहीं होते, तब तक मदद के हाथ लगातार बढ़ते रहेंगे : सरपंच

**सिरसा।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ से ग्रस्त लोगों को राहत पहुंचाने के लिए गांव खारिया के सरपंच, पूर्व सरपंच, ब्लॉक समिति के सभी मेंबर, जिला परिषद के मेंबर, सभी पंच मेंबर, रामधनी सेवा समिति, हनुमान सेवा समिति, श्री गणेश मानव सेवा समिति, डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति, बाबा मूंगा नाथ गोशाला कमेटी, गांव के सभी मंदिरों की कमेटी, मस्जिद की कमेटी व किसान, मजदूर सेवा संगठन की अध्यक्षता में खारिया गांव के सभी लोगों ने एक मीटिंग का आयोजन किया। सरपंच तेग बहादुर पूनिया व जिला प्रधान गौशाला नरेंद्र नैन ने बताया कि मीटिंग में यह निर्णय लिया गया है कि बाढ़ ग्रस्त पंजाब को राहत पहुंचने के लिए शुक्रवार से गांव में गेहूं और नगद राशि के रूप में चंदा इकठ्ठा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजाब हमारा पड़ोसी राज्य है। पड़ोसी राज्य होने के कारण विपदा की इस घड़ी में हम सभी का फर्ज बनता है कि जितनी भी मदद संभव हो सके, बाढ़ से पीड़ित लोगों की जाए। उन्होंने कहा कि जब-जब राष्ट्रीय स्तर किसानों, मजदूरों व अन्य मुद्दों को लेकर आंदोलन हुए हैं, उसमें पंजाब की भागीदारी अह्म रही है। जब तकहालात सामान्य नहीं होते, तब तक मदद के हाथ लगातार बढ़ते रहेंगे।




**फतेहाबाद।** राजकीय कॉलेज में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते विषय विशेषज्ञ।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित
- समूहों में कार्य करते हुए अनेक प्रकार की कैंडल्स तैयार की

राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद में आयोजित पांच दिवसीय अंतर-महाविद्यालय कार्यशाला के चौथे दिन पर्यावरणीय संरक्षण और स्थायी जीवनशैली को लेकर छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. जयभगवान यादव ने कहा कि आज का समय केवल जानकारी प्राप्त करने का नहीं, बल्कि अपने व्यवहार को बदलने का है। शून्य अपशिष्ट जीवनशैली की ओर बढ़ना अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है।

इस दौरान रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर अमित कुमार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर विस्तृत और तथ्यात्मक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक, आधुनिंक जीवन की एक घातक सुविधा है, जो न केवल धरती को प्रदूषित कर रही है, बल्कि जल जीवन, वन्य जीवों और मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है। कार्यशाला के दौरान ललिता व सीमा के द्वारा छात्रों के लिए वेस्ट पेपर से फूल बनाना, स्टेंसिल पेंटिंग, गिफ्ट बोतल सजावट और वॉटर कैंडल निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों ने प्रशिक्षण के दौरान समूहों में कार्य करते हुए अनेक प्रकार की जल कैंडल्स तैयार की। कई प्रतिभागियों ने पारंपरिक सजावटी सामग्रियों की जगह जैविक वस्तुओं का उपयोग कर इको-फ्रेंडली डिजाइन प्रस्तुत किए। कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. कपिल देव, पवन कुमार, डॉ. स्वाति, दिनेश कुमार, पवन, अशोक, संदीप आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने हेरोइन सहित युवक दबोचा

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मलोट पुल डबवाली क्षेत्र से एक युवक को 7.86 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक राजपाल ने बताया कि एएसआई प्रीतम सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गोल चौक मंडी डबवाली से होते हुए मलोट पुल के नीचे पहुंचे तो एक युवक खड़ा दिखाई दिया। सामने से आ रही पुलिस की गाड़ी को देखकर एकदम से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से 7.86 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान निशू उर्फ काला पुत्र रोहताश निवासी हनुमान कॉलोनी सुखपुरा चौक रोहतक हाल वार्ड नंबर 14 मंडी डबवाली के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## मेडिकल स्टोर से नशीली गोलियां बरामद

**सिरसा।** ओढां थाना पुलिस व औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने गांव रघुआना में एक आवासीय परिसर एवं मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए। ओढां थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर औषधि विभाग की टीम ने गांव रघुआना में पुराने सरकारी पशु चिकित्सालय के पास स्थित परिसर में छापेमारी की गई। मौके पर मेडिकल स्टोर संचालक सुखप्रीत सिंह पुत्र निर्मल सिंह निवासी रघुआना उपस्थित मिला। नियमानुसार की गई तलाशी के दौरान स्टोर से 240 गोलियां, 75 कैप्सूल व अन्य दवाइयां बरामद हुई। उल्लेखनीय है कि इन दवाइयों का प्रयोग प्रायः नशे के तौर पर किया जाता है तथा इनकी बिक्री बिना वैध लाइसेंस एवं दस्तावेजों के कानूनन दंडनीय अपराध है। मौके से बरामद की गई दवाइयों को कब्जे में लेकर डीसीओ सिरसा द्वारा संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने गांव गुलरवाला निवासी संदीप पुत्र मनोहर लाल ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वह एक सितंबर की रात को अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गया हुआ था। उसी दौरान उसका साला संदीप पुत्र दलीप चंद, प्रदीप पुत्र बलबीर, मोहित व रोहित पुत्रान राजा राम तथा विजय चौहान निवासी अकांवाली हाथों में लोहे की रॉड व डंडे लेकर वहां आ गए। आते ही प्रदीप ने उसके सिर पर रॉड से प्रहार किया, जिसके बाद विजय ने डंडे से उसके कंधे पर वार किया। अन्य आरोपियों ने भी उसे पीटा। शोर मचाने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने बीच-बचाव करके उसकी जान बचाई। जाते-जाते आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घायल संदीप को प्राथमिक उपचार के लिए टोहाना और बाद में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

*ग्रामीणों का हाल जाना*

# बरसात प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे विधायक अर्जुन

- विधायक ने राज्य सरकार से ग्रामीणों को उनकी फसल की क्षति व अन्य सामान नष्ट होने का पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** बरसात प्रभावित गांवो में ग्रामीणों से मिलते विधायक अर्जुन चौटाला।

रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला विभिन्न गांवों में पहुंचे जहां उन्होंने बरसात से प्रभावित ग्रामीणों का हाल जाना। विधायक अर्जुन चौटाला गांव किराडकोट, मल्लेवाला, बुढ़ाभाणा, सहारणी, ढाणी 400, खारियां सहित आसपास की ढाणियों में भी पहुंचे और बरसात से हुए नुक्सान के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। बरसात के कारण हुए अधिक नुक्सान को देखते हुए जहां उन्होंने राज्य सरकार से ग्रामीणों को उनकी फसल की क्षति व अन्य सामान नष्ट होने का पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की वहीं जिला प्रशासन से भी प्रभावित ग्रामीणों की भी हर संभव मदद करने का आहवान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को इनेलो की ओर से भी हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया व संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा, जगमेल सिंह सरपंच, धर्मवीर नैन व हरमीत सिंह पंडोरीवाला मौजूद थे।

**जागरुकता** | जत्थे ने आज दूसरे दिन विभिन्न गांवों में सभाओं को किया संबोधित

# कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ आशा वर्कर्स का जत्था विभिन्न गांवों में पहुंचा, ग्रामीणों को किया जागरूक

- समाज में व्याप्त कन्या भ्रूण हत्या की गंभीर समस्या के खिलाफ जागरूकता फैलाना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते हुए आशा वर्कर्स यूनियन की पदाधिकारी।

कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा द्वारा प्रदेशभर में शुरू किए गए जत्थे ने आज दूसरे दिन विभिन्न गांवों में सभाओं को संबोधित किया।

जत्थे ने आज गांव अहरवां, एमपी सोत्र, रत्ताथेह में ग्रामीणों को संबोधित किया। अभियान में आशा वर्करों के साथ सीएचसी का स्टाफ, एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू मेल भी शामिल रहें। इन सभाओं को आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की राज्य महासचिव सुरेखा, राज्य उप प्रधान कमलेश, जिला प्रधान सविता, सचिव शीला, किसान सभा के जिला उपप्रधान जगतार सिंह, सीटू के जिला प्रधान जगीर सिंह, जिला सचिव ओम प्रकाश अनेजा, जिला कोषाध्यक्ष बेगराज ने भी सभाओं को संबोधित किया।

राज्य महासचिव सुरेखा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कन्या भ्रूण हत्या की गंभीर समस्या के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं।

कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक अभिशाप है जो लिंग भेदभाव और अज्ञानता की वजह से पनप रहा है। गिरते लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि आशा वर्करों ने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने ग्रामीणों को भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों के बारे में बताया और बेटियों के महत्व को समझाया। इस अवसर पर आशा वर्कर वीना सहनाल, पिंकी एमपी सोत्र, मूर्ति कौर रत्ता थेह का विशेष सहयोग रहा।

राज्य उपप्रधान कमलेश व जिला प्रधान सविता ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ यह जागरूकता अभियान हरियाणा के 22 जिलों से होता हुआ 25 सितम्बर को कुरुक्षेत्र पहुंचेगा। 26 सितंबर को कुरुक्षेत्र में पंजाबी धर्मशाला में जत्थे का समापन समागम किया जाएगा। इस समापन समागम में एक सुझाव पत्र मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को सौंपा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी की मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** रोड़ी थाना पुलिस ने 30 ग्राम 59 मिलीग्राम हेरोइन तस्करी की मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। रोड़ी थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि थाना रोड़ी में दर्ज कर दो आरोपी अंग्रेज सिंह पुत्र छिंदा सिंह निवासी बाजीगर बस्ती रानियां चुंगी सिरसा तथा उसके साथ एक अपचारी बालक को बाइक सहित पहले गिरफ्तार किया गया था। जिन्होंने पूछताछ में बताया था कि उक्त बरामद हैरोइन सुदेश रानी पत्नी लक्ष्मण दास निवासी ढाणी तेजा सिंह ने उनसे मंगवाई थी। जांच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी सुदेश रानी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### सफाई व स्वच्छता के लिए किया जा रहा जागरूक

**सिरसा।** जिला में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां जारी हैं। शहर को साफ-सुथरा बनाने के साथ-साथ आमजन को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला की सभी नगर परिषद व नगर पालिकाओं में दिन-रात सफाई अभियान चल रहा है। टीम डोर टू डोर कचरा एकत्रित कर रही हैं, वहीं पौधारोपण व स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। सिरसा नगर परिषद चेयरमैन शांति स्वरूप व पार्षदों ने भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी को लेकर चर्चा करते हुए आमजन से स्वच्छता की अपील की और सेल्फी प्वाइंट के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

### करोड़ों के धान घोटाले में आरोपी महिला काबू

**फतेहाबाद।** आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने धान घोटाले से जुड़े मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लाभ कौर पत्नी ठाकर सिंह निवासी वार्ड नं. 01 रतिया के रूप में हुई है। इस मामले में इससे पहले भी चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि जिला फतेहाबाद के कस्बा रतिया व धारसूल कलां की मार्केट कमेटी के कुछ अधिकारियों/कर्मचारियों ने आढ़तियों के साथ मिलीभगत कर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसानों की भूमि का फर्जी पंजीकरण किया था।

### ट्रक के टायर चोरी करने के आरोप में तीन काबू

**फतेहाबाद।** ट्रक के टायर चोरी करने के मामले में रतिया पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जगदीश पुत्र बलवंत, किरपाल सिंह उर्फ राजू पुत्र बगीचा सिंह तथा गुरमेल सिंह उर्फ गेलू पुत्र जगदीश निवासी लोहगढ़, जिला मानसा के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि हरपाल सिंह पुत्र फुलेल सिंह निवासी गांव मल्को, जिला मानसा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसने अपनी ट्रक को रतिया स्थित इलाहाबाद बैंक के पास काकू मिस्त्री की दुकान पर मरम्मत के लिए खड़ा किया था।

### सोने की चेन चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सोने की चेन चोरी के मामले में जाखल पुलिस ने एक और आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान तुषार पुत्र रामचंद्र निकम निवासी देवीखिड़ी, जिला सांगली, महाराष्ट्र, हाल किरायेदार जैकबपुरा गुरु गली, मेन सदर बाजार, गुरुग्राम के रूप में हुई है। इससे पहले भी इसी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि 20 जुलाई 2023 को दुकानदार दूनीचंद पुत्र सोनीराम निवासी मॉडल टाउन जाखल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह अपनी दुकान गर्ग इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स, ताऊ देवीलाल पार्क के सामने, जाखल पर बैठा हुआ था। उसी दौरान करीब 35-40 वर्ष का एक व्यक्ति, जिसने पीले रंग की टी-शर्ट और काले रंग का लोअर पहन रखा था, उसकी दुकान पर आया और बिजली का सामान दिखाने को कहा। इसी दौरान वारदात कर दी।

अपने स्तर पर निकासी में जुटे ग्रामीण, लाखों रुपये खर्च कर दो किलोमीटर लंबी पाइप मंगवाई

# दहमान में लगातार बारिश से 300 घर डूबे, 15 परिवारों ने गांव छोड़ा, हालात बिगड़ने से चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

*दहमान गांव में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था न होने के कारण गांव के करीब 300 घरों में बारिश का पानी भर गया है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि 15 परिवार अपने घरों को ताला लगाकर सुरक्षित स्थानों पर पलायन कर चुके हैं। दहमान के आत्माराम दहिया, पूर्व सरपंच शेर सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन फूल कुमार दहिया, बलवंत सिंह, अजमेर सिंह, राजवीर पंच, रघुवीर सिंह, रामेश्वर दहिया राकेश कुमार, रणधीर सिंह, माया सिंह, राजेंद्र सिंह आदि ग्रामीणों का कहना है कि पानी का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है और घरों में घुटनों तक पानी भर चुका है। कई जगहों पर घरों के आंगन और कमरों में भी पानी घुस गया है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। बिजली सप्लाई भी बाधित हो चुकी है। गांव में जलभराव की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन इस बार बारिश की तीव्रता और प्रशासन की अनदेखी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ग्राम पंचायत के पास फिलहाल कोई बजट नहीं है, लेकिन हालात की गंभीरता को देखते हुए सरपंच प्रतिनिधि मदनलाल यादव और ग्रामीणों ने मिलकर अपने स्तर पर राहत कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए लाखों रुपए की लागत से पाइप उधारी पर मंगवाई गई हैं, ताकि पानी की निकासी हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 2 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर बारिश के पानी को अपने ही खेतों में निकालने की योजना बनाई गई है। हालांकि खेतों में पहले से ही खड़ी फसलें जलभराव के कारण पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। अब खेतों का उपयोग केवल पानी निकालने के लिए किया जाएगा, ताकि गांव के भीतर भरे पानी से निजात मिल सके। गांववासियों ने शुरुआत में सिवानी माइनर में पानी डालने की कोशिश की थी, लेकिन वहां से पानी की निकासी पर सिवानी गांव के ग्रामीणों के विरोध के बाद बंद कर दिया गया और अब यह वैकल्पिक योजना अपनाई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निकासी करवाने की मांग की है।*

**खेतों में खड़ी फसल बर्बाद**





### पंचायत के पास बजट का अभाव : बीडीपीओ

*खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ऋषभ सिंगल ने बताया कि भूना ब्लॉक के दहमान गांव में जल निकासी को लेकर बड़ी समस्या बनी हुई है, जिसको लेकर निरीक्षण किया जा चुका है। ग्राम पंचायत के पास बजट का अभाव था, इसलिए सरपंच को जल निकासी के विशेष प्रबंध करने की छूट दी गई है, जो भी खर्च होगा वह बाद में पंचायत द्वारा वहन किया जाएगा।*

## जलभराव व भारी वर्षा से प्रभावित किसानों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल 10 सितंबर तक रहेगा खुला

***फतेहाबाद।** जिला में हुई भारी वर्षा और जलभराव के कारण प्रभावित किसानों की सुविधा के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल 10 सितंबर, 2025 तक किसानों के लिए खुला रखने के आदेश जारी किए हैं। इस पोर्टल पर किसान अपने खेतों में हुई फसल खराबी और जलभराव की स्थिति को दर्ज करा सकते हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि किसान पोर्टल पर अपना आवेदन दर्ज करते समय सही-सही विवरण भरें। इससे नुकसान का आकलन करने में आसानी होगी और क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। इसी उद्देश्य से ऑनलाइन क्षतिपूर्ति पोर्टल को जारी रखा गया है ताकि कोई भी पात्र किसान अपनी शिकायत दर्ज करने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा राजस्व विभाग व कृषि विभाग की टीमें भी लगातार क्षेत्र का दौरा कर रही हैं और वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा रहा है। किसानों से अपील है कि वे समय सीमा के भीतर पोर्टल पर अपनी जानकारी अवश्य दर्ज कराए।*

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

एसडीएम अर्पित संगल ने वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तत्परता से समाधान के निर्देश दिए। गौरतलब है कि उपमंडल स्तर डबवाली, ऐलनाबाद व कालांवाली में भी सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे समाधान शिविर में पहुंच कर अपनी समस्याएं रख सकते हैं। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 9 शिकायतें आई। एसडीएम अर्पित संगल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर के अलावा उनके कार्यालयों में आने वाली जनसमस्याओं को भी प्राथमिकता से लेते हुए उनका निवारण करें। इस मौके पर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### सिरसा में डीआरओ संजय ने सुनीं समस्याएं

*स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई योजनाओं के आवेदन पर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने हेतु समय सीमा निर्धारित की गई है, इसलिए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी समाधान शिविर की मॉनिटरिंग करते हैं, इसलिए इस कार्य में कोताही न बरतें।*

## सड़कों पर घूम रहे पालतू पशुओं को पकड़ने के लिए ईओ को सौंपा पत्र

**सिरसा।** शहर के पुरानी कोर्ट रोड के आसपास के क्षेत्र में पिछले कुछ समय से घूम रहे पालतू घोड़े-खच्चर के कारण हो रही समस्याओं को लेकर वरिष्ठ नागरिक मनोहरलाल सोनी ने नगर परिषद के ईओ को शिकायत भेजी है। पत्र की कॉपी जिला उपायुक्त व मुख्यमंत्री को भी प्रेषित की गई है। शिकायत में मनोहर लाल सोनी ने बताया कि कुछ लोग बग्गी और रथ के घोड़े-खच्चर और उनके छोटे बच्चे इस सीजन में काम ना होने के कारण सडक़ पर छोड़ देते हैं। इनकी सं या दर्जनों में है। ये जानवर रेलवे फाटक से होकर पुरानी कचहरी, योग आश्रम, नारकोटिक थाना, ट्रैफिक थाना और कमेटी के साथ लगती कोर्ट कॉलोनी की गलियों में घूमते रहते हैं। घूमने के दौरान सारा दिन गलियों में ही गोबर करते हैं, जिसके कारण गंदगी का वातावरण बनता है। यही नहीं झुंड में घूमने के कारण वाहन चालक परेशान हो रहे है।

# शिविर में 150 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- दी एसोसिएशन आढ़तियान ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

दी एसोसिएशन आढ़तियान अनाज मंडी, सिरसा व एसपीएस हॉस्पिटल सिरसा द्वारा मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप जनता भवन परिसर में लगाया गया, जिसमें मंडी के आढ़तियों, मुनीम, दलाल, किसानों और मजदूरों ने भाग लिया। शिविर में 150 लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप करवाया। इस मेडिकल हेल्थ चेकअप में शुगर, बीपी व ईसीजी सहित अन्य शारीरिक बीमारियों का चेकअप कर मुफ्त दवाइयां भी दी गई। मंडी प्रधान प्रेम बजाज ने कहा कि सामाजिक कार्यों में मंडी हमारा साथ ऐसे ही देती रहेगी और आढ़ती एसोसिएशन सिरसा ऐसे ही सामाजिक कार्य करती रहेगी। इस मौके पर मंडी प्रधान प्रेम बजाज, उप प्रधान राजू सुधा, महासचिव राजेंद्र नड्डा, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोयल, डीएमईओ राहुल कुंडू, मार्केट कमेटी सचिव वीरेंद्र मेहता, सह सचिव सुरेंद्र कुकरेजा, रामचंद्र, बावा राम दास, गुरदयाल मेहता, हरदीप सरकारिया, सुधीर ललित, विनोद खत्री, रवींद्र बजाज, राजन बावा, अकाउंट एसोसिएशन प्रधान प्रेम शर्मा, सचिव राकेश वधवा और राजेंद्र यादव व अन्य मौजूद रहे।




**सिरसा।** शिविर में सेवा देने पहुंचे चिकित्सकों का स्वागत करते आढ़तियान एसोसिएशन।

# श्री श्याम बगीची में भजन संध्या

- श्रद्धालुओं ने भंडारे म प्रसाद भी ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से परिवर्तिनी एकादशी के उपलक्ष्य में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया भजन संध्या का शुभारंभ हनुमान चालीसा का पाठ से हुआ और इसके बाद भजन- हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, अपनी कृपा सांवरे बनाए रखना, जन्म जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा, तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाउंगा, थाली भर के ल्याई खिचड़ो उपर घी की बाटकी, श्याम बाबा गो श्रृंगार मणै भावै सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या के दौरान दो बच्चियों ने राधा-कृष्ण बनके भजनों पर बहुत ही सुंदर नृत्य किया। बाद में फतेहाबाद से आई भजन गायिका ख्वाहिश कपूर ने भजन- बोलो- बोलो प्रेमियो श्याम की जय, पार मेरी कश्ती बाबा लगानी पड़ेगी, देता हरदम सांवरे तू हारे का साथ, दरबर मेरे श्याम का सबको बुला रहा, तेरे चेहरे में वो जादू है तेरी आरे खिंचा आता हूं, भर दे श्याम झोली भर दे, भजनों से निहाल किया।



**सिरसा।** भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायक।

## करीब 12 लाख रुपये का चूरापोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने नशा तस्करों पर नकेल कसते हुए सिरसा जिले के डबवाली क्षेत्र में नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने डम्पर ट्राले में छिपाकर ले जाया जा रहा करीब 12 लाख रुपये का एक क्विंटल चूरापोस्त बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया है।

कालांवाली के डीएसपी संदीप धनखड़ ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम भारतमाला रोड क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक अबूबशहर से होते हुए गांव लंबी की तरफ जा रहा है, जिसमें चूरापोस्त की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव अबूबशहर भारतमाला रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान एक डम्पर ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने शक के आधार पर ट्रक को रूकवा लिया और तलाशी ली तो एक क्विंटल 170 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।



चूरापोस्त तस्करी का खुलासा करते डीएसपी संदीप धनखड़।



## एसडीएम ने डंपिंग साइट का किया निरीक्षण

***डबवाली।** एसडीएम अर्पित संगल ने वीरवार को स्थानीय डंपिंग साइट का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद व संबंधित विभागीय अधिकारियों से कचरा एकत्रित करने की प्रक्रिया और उसके निस्तारण के बारे में विस्तृत जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। कचरे के समय पर उठान और सही तरीके से निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि डंपिंग साइट पर रोजाना की गतिविधियों की निगरानी रखें। एसडीएम ने कहा कि सफाई अभियान में अधिकारी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। नगर परिषद की टीम को घर-घर जाकर लोगों को कचरा अलग-अलग श्रेणियों में (गीला और सूखा) देने के लिए जागरूक करें। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने आसपास सफाई रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता बेहद जरूरी है।*

## दो नशा तस्करों की 46 लाख की अवैध संपति जब्त, 9 बड़े तस्करों पर कार्रवाई

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ निर्णायक जंग का ऐलान कर दिया है। एसपी सिद्धांत जैन का कहना है कि अब सिर्फ गिरफ्तारियां नहीं होंगी, बल्कि हर उस तस्कर की अवैध कमाई को भी कुर्क किया जाएगा जो समाज को जहर बेच रहा है। एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(एफ) के तहत दो और कुख्यात तस्करों की 46 लाख की संपत्ति जब्त कर दी है। ये संपत्ति सीधे तौर पर नशा तस्करी से कमाए गए पैसे से खरीदी गई थी। पुलिस ने नशा तस्कर रिसाला पुत्र बसंत सिंह निवासी, कोलगढ़, जिला फतेहाबाद के रिहायशी मकान व एक कार सहित कुल 34 लाख की सम्पति जब्त की है वहीं थाना सदर टोहाना में दर्ज मामले में आरोपी जनक सिंह उर्फ जनकी पुत्र मटकन सिंह निवासी ढाणी नूरपुर, दिवाना, जिला फतेहाबाद की दो कारें, एक स्कूटी सहित 12 लाख की सम्पति जब्त की गई है। एसपी ने कहा कि जिसने भी नशा बेचा, अब उसकी गिरफ्तारी तो तय है ही। बता दें कि अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 9 तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें विनोद कुमार पुत्र मन्दरुप उर्फ मनरुप निवासी खाबड़ा कलां, महंगा सिंह पुत्र राज सिंह निवासी बदलपुर, पटियाला, महेन्द्र उर्फ मिन्टू निवासी लोहाखेड़ा, बब्लू पुत्र गुरमुख निवासी गुरुनानकपुरा, फतेहाबाद, नछत्तरो पत्नी रोशन लाल निवासी नन्हेड़ी, हरपाल कौर पत्नी जोगिन्द्र सिंह निवासी बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना, देवेंद्र उर्फ काला निवासी मुसाअहली, रिसाला निवासी कोलगढ़ तथा जनक सिंह उर्फ जनकी निवासी ढाणी नूरपुर दिवाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस हर स्तर पर ऐसे लोगों की कुंडली खंगाल रही है।



## हेल्थ चेकअप कैंप में छात्राओं का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

## एमएम बीएड कॉलेज में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

# रंगोली में काजल व ममता, मेहंदी में निर्मला व पोस्टर मेकिंग में कंचन, स्पीच में सिमरन प्रथम

मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन फतेहाबाद में राज्य रेड क्रॉस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एनएसएस क्लब, कम्युनिटी केयर क्लब एवं रेड क्रॉस क्लब द्वारा हेल्थ चेकअप कैम्प एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी सामान्य स्वास्थ्य स्थिति की पहचान करना था। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएमओ डॉ. संगीता अबरोल, डॉ. अंकु अलीशा, डॉ. रश्मि सिंह भाग लिया और विद्यार्थियों की स्वास्थ्य संबंधी जांच की। एड्स जागरूकता विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ. गुंजन लाल ने एड्स जागरूकता के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को इस विषय पर अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वास्थ्य विभाग से एड्स काउंसलर रमेश ढाका ने बच्चों को एड्स बचाव पर विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा कॉलेज में राज्य स्तरीय रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेंकिंग, स्पीच प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिनमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. संगीता अबरोल, डॉ. रश्मि सिंह व डॉ. अंकु अलीशा ने निभाई। रंगोली प्रतियोगिता में बीए फाइनल से काजल व ममता ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष से आरती जैन, बीएससी द्वितीय वर्ष से खुशी, बीए फाइनल से संतोष व सुषमा ने द्वितीय, बीए बीएड तृतीय वर्ष से पूजा व चतुर्थ वर्ष से महक ने तृतीय स्थान पाया। मेहंदी प्रतियोगिता में बीए बीएड तृतीय वर्ष से निर्मला प्रथम, बीए प्रथम वर्ष से जशनप्रीत द्वितीय व बीए तृतीय वर्ष से कोमल तृतीय रही। पोस्टर/पेन्टिंग प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष से कंचन रानी ने पहला, बीएससी द्वितीय वर्ष से तनिशा और इमेजन ने दूसरा, बीए प्रथम वर्ष से निशा ने तीसरा स्थान पाया। स्पीच कम्पीटिशन में बीएबीएड चतुर्थ वर्ष से सिमरन, बीएबीएड चतुर्थ वर्ष से पलक तथा बीए प्रथम वर्ष से नेहा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।



फतेहाबाद। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।